# समाहरणालय, पटना
(जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)
**विज्ञापन संख्या–04 / 2024**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार (समाज कल्याण विभाग, बिहार) के पत्रांक–WCDC/2201/23 दिनांक–17.10.2023 के आलोक में "मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना" के अन्तर्गत कामकाजी महिला छात्रावास "आकांक्षा" पटना के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र० सं० | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता / अर्हताए | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधीक्षक (महिला हेतु आरक्षित) (यह पद आवासीय होगा। उन्हें 24X7 की सेवा छात्रावास में रह कर देनी होगी) | 1 (अनारक्षित) | आवेदन के समय उम्मीदवार की उम्र न्यूनतम 30 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष होगी। | • शैक्षणिक योग्यताः– किसी भी संकाय में स्नातकोत्तर।<br>• अनुभवः–किसी भी आवासीय योजना / हॉस्टल संचालन में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।<br>• कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा। | 28,000 / – |
| 2 | उप अधीक्षक (महिला हेतु आरक्षित) (यह पद गैर–आवासीय होगा।) | 1 (अनारक्षित) | आवेदन के समय उम्मीदवार की उम्र न्यूनतम 30 वर्ष एवं अधिकतम 55 वर्ष होगी। | • शैक्षणिक योग्यता– किसी भी संकाय में स्नातकोत्तर।<br>• अनुभवः– किसी भी आवासीय योजना / हॉस्टल संचालन में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।<br>• कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा। | 22,000 / – |
| 3 | सफाई कर्मी | 1 (अनारक्षित) | आवेदन के समय उम्मीदवार की उम्र अधिकतम 40 वर्ष होगी। | • शैक्षणिक योग्यताः–आठवीं पास। | 11,640 / – |

• अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।

2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।

3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदको को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।

4. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।

5. सभी नियुक्तियॉ संविदा के आधार पर 01 वर्ष के लिए किया जाएगा तथा योजना कि निरंतरता कर्मियों के संतोषजनक कार्यकलाप के आधार पर कमियों का अवधि विस्तार पुनः 01 वर्ष हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

CamScanner

6. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियोजन की कोई दावा मान्य नहीं होगी। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितिकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें। उनका नियोजन कामकाजी महिला छात्रावास "आकांक्षा" के अधीन होगा।

7. विभिन्न पदों पर नियोजित उम्मीदवारी की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

8. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

9. सरकारी/अर्ध–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

10. नियोजन के समय उपलब्ध करायी सूचनाओं के गलत पाये जाने की स्थिति में नियोजन समाप्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

11. चयन प्रक्रिया, निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E-mail एवं जिला के https://patna.nic.in बेबसाईट पर दी जाएगी। किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

12. विज्ञापन एवं सेवा भर्ती से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, पटना के अधीन है। जिला पदाधिकारी, पटना विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।

13. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए दिनांक–29.02.2024 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए ई–मेल–dpo.pat.icds@gmail.com पर समर्पित करेंगें एवं हार्ड कॉपी निबंधित डाक द्वारा जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS), पटना, विकास भवन, द्वितीय तल, गाँधी मैदान, पटना–800001 के पता पर भेज सकते है। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

14. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगा।

15. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

16. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु https://patna.nic.in वेबसाईट का अवलोकन करते रहेगे।

13/2/24

जिला पदाधिकारी,
पटना।

CamScanner

# आवेदन–प्रपत्र

**विज्ञापन संख्याः–.............................**

अनुलग्नक–1

1. आवेदित पद का नामः ..........................................................................
2. अभ्यर्थी का नामः ..........................................................................
3. जन्म तिथि : ..........................................................................
4. माता का नामः ..........................................................................
5. पिता/पति का नामः ..........................................................................
6. आधार कार्ड नंबरः ..........................................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ..........................................................................
..........................................................................
8. पत्राचार का पताः ..........................................................................
..........................................................................

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों

9. श्रेणीः सामान्य [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] अति पिछड़ा वर्ग [ ]
अनुसूचित जाति [ ] अनुसूचित जनजाति [ ] अन्य [ ]
10. मोबाईल नंबरः ..........................................................................
11. ई–मेल आईडीः ..........................................................................
12. शैक्षणिक विवरणीः–

| क्र.सं. | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी/अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

13. संलग्न किये गये कागजातों की सूची :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

**घोषणाः**–उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी/रहूँगा एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर



CamScanner